# बुलडोजर चलवाते, कैंची लेकर क्यों गए

**लखनऊ।** में अंसल ग्रुप की धोखाधड़ी को लेकर यूपी की सियासत गर्म है। सीएम योगी ने विधानसभा में सपा सरकार पर हमला बोला। अंसल ग्रुप को सपा की उपज बताया। कहा- सरकार दोषियों को पाताल से भी खोज निकालेगी। योगी के इस बयान पर अखिलेश यादव ने जवाब दिया है। उन्होंने पर लिखा- अगर सब गलत था तो आप वहां अपना बुलडोजर लेकर जाते, कैंची लेकर उद्घाटन करने क्यों पहुंच गए? तब नहीं मालूम था कि अंसल ग्रुप क्या कर रहा? उनके सत्ता से बेदखल होने की जो चचाएं हर तरफ फैली हैं। ये उसकी खीझ है। योगी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा- अंसल ग्रुप ने होम बायर्स के साथ धोखा किया। यह सब सपा सरकार में हुआ। चेतावनी देते हुए कहा- अगर अंसल ने किसी भी बायर्स के साथ धोखाधड़ी की है, तो उसकी सारी संपत्ति जब्त की जाएगी। सपा सरकार के समय अंसल की अवैध मांगों को पूरा किया गया। भाजपा सरकार अब इस पर शिकंजा कस रही। अंसल ग्रुप के खिलाफ एफआईआर का आदेश दे दिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा- अपनी नाकामी को छुपाने के लिए जब लोग किसी और का नाम लेते हैं, तो भूल जाते हैं कि उसी के नाम से बनी सिटी में स्थित मॉल और हॉस्पिटल का उन्होंने ही उद्घाटन किया था। उसी विशाल परिसर में बने एक नए होटल में G-20 के मेहमान आपने ही ठहराए थे।



वही वो जगह है, जहां अरबों रुपए का सच्चा इंवेस्टमेंट आया। निवेशकों पर आरोप लगाकर हतोत्साहित करने से न तो निवेश का विकास होगा और न ही प्रदेश का। यूपी के सभी समझदार लोग कह रहे हैं, अगर सब गलत था तो आप वहां अपना बुलडोजर लेकर जाते, कैंची लेकर उद्घाटन करने क्यों पहुंच गए? जनता कह रही है, जब उसे ढूंढने पाताल लोक जाएं तो परतों में दबी उस गहरी वजह की भी खोज-खबर लेते आएं, जो उनकी गद्दी को हिला रही है। उनके सत्ता से बेदखल होने की जो चचाएं हर तरफ फैली हैं। ये उसकी खीझ है। विस्थापन का डर ही उनके मुंह से ऊंची आवाज बनकर निकल रहा है। सफलता व्यक्ति को शांत, शालीन और शिष्ट बनाती है और विफलता वही जो दिख रहा है।

अंसल मामले को लेकर सीएम ने सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण और रेरा के अफसरों की बैठक बुलाई थी। इसमें उन्होंने अंसल प्रबंधक के खिलाफ FIR दर्ज करवाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद छऊअ के अमीन ने गोमतीनगर थाने में अंसल प्रॉपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर के मालिक पिता-पुत्र समेत 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाया। इनमें अंसल प्रमोटर प्रणव अंसल, सुशील अंसल, सुनील गुप्ता, डायरेक्टर विनय सिंह और फेरन्सेटी पैट्रिका अटकिंशन का नाम शामिल है। अमीन अर्पित शर्मा ने आरोप लगाया है कि प्राधिकरण ने 2005 में 1765 एकड़ की हाईटेक टाउनशिप विकसित करने के लिए चिह्नित किया था।

इसकी डीपीआर 2006 में स्वीकृत की गई। अंसल ने टाउनशिप विकसित करने का काम शुरू किया। स्वीकृत टाउनशिप में कंपनी ने खरीदी गई जमीन के अलावा ग्राम समाज, सीलिंग, तालाब, राज्य सरकार के नाम दर्ज, परती, बंजर, नहर और नाली की जमीन अपने प्रोजेक्ट में शामिल कर लिया। इसकी जानकारी प्राधिकरण को नहीं दी और बेच दिया।

## कत्ल के सबूत छुपाने के गुनाहगार को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ बारह हजार रुपये का जुमार्ना

संवाददाता

**हमीरपुर। (सैय्यद जावेद अख्तर)** उत्तर प्रदेश के मझगवां क्षेत्र के ग्राम मोहानी में 23 फरवरी 2021 को रामस्वरूप ने अपनी पत्नी का गला दबाकर कत्ल करने के बाद उसके शव को जंगल मे ले जाकर जलाने के बाद बचे हुये हिस्सों को छुपा दिया था, जिसके बाद अ0सं0-25/2021 धाराझ 302,201 आईपीसी के तहत अभियुक्त रामस्वरुप पुत्र चिरन्जीलाल के खिलाफ कत्ल के साथ ही सुबूत मिटाने की संगीन धाराओं में मझगवां पुलिस ने मामला दर्ज किया गया था, वहीं आपरेशन



कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की अपर जिला सत्र फर्स्ट अदालत के स्कालर जज ने रामस्वरुप को गुनाहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही सुनाया बारह हजार रुपये का जुमार्ना, वहीं मामले की जांच इंस्पैक्टर राम जीत गौड़ ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी थी, वहीं अभियोजन की तरफ से अदालत में जोरदार पैरवी करते हुये एडीजीसी राजेश कुमार तिवारी ने अपनी दमदार दलीलों से बचाव पक्ष की बोलती बंद करते हुये अभियुक्त को सख्त सजा देने की मांग की थी।

# विनोद चौधरी को मिली जमानत, समर्थकों में खुशी की लहर

संवाददाता

**कुशीनगर।** भाजपा नेता पूर्व विधायक विनोद कुमार चौधरी को एक चौतीस साल पुराने मामले में न्यायालय से जमानत मिलने पर समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया। इक्यावन वर्षीय विधायक विनोद कुमार चौधरी जो उस दौर में युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे। अब वह चार वर्ष से भाजपा में हैं जो नौजवानों की समस्याओं को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की सरकार के खिलाफ लखनऊ में एक जनांदोलन किए थे। जिसमें लाठी चार्ज और पुलिस बर्बरता की बात सामने आई थी।



इस आंदोलन में पूरे राज्य से हजारों की संख्या में नौजवान लखनऊ पहुंचे थे। तब उत्तराखंड भी उत्तर प्रदेश का हिस्सा हुआ करता था। इस आंदोलन में करीब तीन हजार नौजवान विधान सभा में घुसने का प्रयास किए जिसके चलते पुलिस ने करीब तीन सौ लोगों को गिरफ्तार किया था जो बाद में बिना शर्त रिहा कर दिए थे। इन्हीं मामलों को लेकर पुलिस ने हजरत गंज कोतवाली में एक मुकदमा लिख दिया था जिसकी जानकारी किसी को नहीं थी और 34 वर्ष पर गैर जमानती वारंट न्यायालय से जारी हो गया , वारंट की जानकारी होने पर श्री चौधरी सहित कई ने गत दिनों न्यायालय में समर्पण किया और न्यायालय ने जमानत याचिका स्वीकार करते हुए जमानत दे दी है। उक्त खबर पर कुशीनगर से श्री चौधरी समर्थक तमाम लोग जो उस वक्त युवक कांग्रेस से जुड़े थे जो आज विभिन्न दलों में से जुड़ चुके हैं उनमें युवक कांग्रेस के तत्कालीन जिलाध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, आनंद शरण पांडे शिशु, नलिनी कांत मणि त्रिपाठी, अतुल दुबे, ओम प्रकाश गुप्ता, कृष्ण कुमार राय, रमेश कुमार गुप्त, अनिल शुक्ला, ज्ञान प्रकाश पाठक, प्रमोद कुमार पांडे, डाक्टर वी पी सिंह, अजय मिश्रा, दिनेश उपाध्याय, शिव जी गुप्त, सर्वजीत गिरी आदि ने विनोद कुमार चौधरी की जमानत मंजूर होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है।

## नाबालिग का अपहरण करने वाले गुनाहगार को सात साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ बीस हजार रुपये का जुमार्ना

संवाददाता

**हमीरपुर। (सैय्यद जावेद अख्तर)** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के कुरारा में 21 मार्च 2016 में नाबालिग युवती को घर से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के साथ ही बलात्कार करने के जुर्म में कुरारा थाना क्षेत्र के ग्राम मंगलपुर निवासीभूरा पुत्र पप्पू उर्फ अमित कुमार के खिलाफ छात्रा के पिता की तहरीर पर अ0सं0-75/2016 धाराझ 363,366,376 आईपीसी सहित 4 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की पाक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ति माला सिंह




ने अभियुक्त भूरा को गुनाहगार मानते हुये सात साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ बीस हजार रुपये का जुमार्ना, जबकि मामले की जांच एस आई संजय मिश्रा ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी, वहीं अभियोजक ने अदालत से अभियुक्त को सख्त सजा देने की मांग की थी।

# 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है: शशांक मणि

संवाददाता

**कुशीनगर।** मंगलवार को स्थानीय ब्लॉक सभागार में भाजपा द्वारा आयोजित 'अमृत प्रयास गोष्ठी' में राष्ट्रीय उद्यम के विकास पर चर्चा की गई और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीन दयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा विकसित भारत एक संकल्प और चुनौती है, जिसे केंद्र



और राज्य की सरकारें पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना भाजपा सरकारों का संकल्प है। उन्होंने संसद में एनसीसी की तर्ज पर 'राष्ट्रीय उद्यम विकास कोर' बनाने का प्रस्ताव पेश करने की बात भी कही। पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा ने 'सबका साथ, सबका विकास, और सबका प्रयास' के महत्व को रेखांकित किया। प्रमुख प्रतिनिधि राजेश कुमार जायसवाल ने सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बीडीओ रवि कुमार रंजन ने गोष्ठी की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, अमलेश तिवारी, बबुना कुशवाहा, जेके सिंह और दीपक सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। ब्लॉक प्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज चौबे ने सांसद शशांक मणि त्रिपाठी को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया।

## राष्ट्रीय आय योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में कंपोजिट विद्यालय जंगलीपट्टी के दस छात्र व छात्राएं सफल



संवाददाता

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय आय योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में सेवरही विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय जंगलीपट्टी के दस छात्र व छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बच्चों के सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी का लहर है। बीते 10 नवंबर को विद्यालय की इस प्रतियोगिता में सफल होने वाले छात्र व छात्राओं को प्रति वर्ष 12 हजार रुपए सरकार द्वारा मिलेंगे। इस बच्चों ने जिले में नंदनी कुमारी जिला रैंक 3, नीतीश कुमार सिंह रैंक 5, मुस्कान खातून रैंक 11, अभिषेक निषाद रैंक 13, रेशमा खतून रैंक 21, स्नेहा कुमारी रैंक 24, जेमी निषाद रैंक 26, गोविंद कुशवाहा रैंक 31, संध्या निषाद रैंक 32, अनुप कुमार रैंक 40 पाकर शानदार सफलता हासिल किया है। प्रधानाध्यापक अजय कुशवाहा व ग्राम प्रधान ने सफल छात्र व छात्राओं को माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह, अरविंद तिवारी, नवीन कुमार, अजीत कुमार, रजनीश विश्वकर्मा तथा यूसुफ अहमद, मोहन मुखिया, रीना सिंह, काजल व गणमान्य लोगों ने इनके सफलता पर उज्वल भविष्य की कामना की।

# 10 साल पुरानी जल निकासी की समस्या का समाधान

**औरैया।** के डीएम डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने विकासखंड सहार की ग्राम पंचायत मधवापुर के मजरा मड़नई का दौरा किया। उन्होंने यहां की 10 साल पुरानी जल निकासी की समस्या का समाधान किया। डीएम ने खंड विकास अधिकारी राजनारायण को निर्देश दिए कि अगले दिन ही लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता और आरईएस के अधिशाषी अभियंता को बुलाएं। नाली निर्माण का डिजाइन और नपती कराकर दो दिन में काम शुरू करवाएं। डीएम ने नाली निर्माण का विरोध कर रहे लोगों से बातचीत की। उन्होंने ग्रामवासियों



को समझाया कि नाली बनने से उनकी समस्याएं दूर होंगी। साथ ही आवागमन में भी कोई परेशानी नहीं होगी। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव और लेखपाल को भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्हें पूरी भूमि की नपती करने और पुराने भवन को हटाने की कार्रवाई करने को कहा। अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ धारा 2/3 और पक्के मकान बनाने वालों के खिलाफ धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। दो दिन में कब्जा खाली करने को कहा ब्जाधारकों को दो दिन में अपना कब्जा खाली करने को कहा गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष दिबियापुर को पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ऋषि सिंह, थानाध्यक्ष दिबियापुर मुकेश चौहान, खंड विकास अधिकारी राजनारायण, ग्राम प्रधान, लेखपाल और ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## वंदे भारत ट्रेन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर एक दुर्घटना में वंदे भारत ट्रेन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना रात 7:48 बजे अछल्दा के पास हुई। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वह लगभग 38 वर्ष का था और नीली शर्ट व काला पैंट पहने हुए था। दुर्घटना अयोध्या कैंट से आनंद बिहार नई दिल्ली जा रही वंदे भारत के साथ हुई। दुर्घटना के बाद लोको पायलट ने ट्रेन को तुरंत स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर रोका। ट्रेन 7:53 बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। ट्रैक पर शव होने के कारण बनारस से आगरा जा रही दूसरी वंदे भारत (ट्रेन संख्या 20175) को होम सिग्नल पर रोकना पड़ा।

# कुशीनगर में महिला सशक्तिकरण और बौद्ध धरोहर का संगम

संवाददाता

**कुशीनगर। राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) द्वारा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह- 2025 के उपलक्ष्य पर दोनों के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम विशंभरपुर, कुशीनगर में महिला सशक्तिकरण विषय पर एक महत्वपूर्ण चौपाल का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में गोरखपुर विश्वविद्यालय से साइकिल से चलकर आए उत्साही छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जो महिला**



**सशक्तिकरण के प्रति उनके समर्पण को दशार्ता है।इसी क्रम में, म्यांमार बुद्ध विहार, कुशीनगर में ₹रूट्स ऑफ बुद्धिज्म₹ विषय पर एक भव्य छायांकन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भिक्षु संघ अध्यक्ष अग्ग महापंडित भदंत ज्ञानेश्वर जी ने अपने कर-कमलों से किया। आयोजनों में संग्रहालय के तेजप्रताप शुक्ला ने सूत्रधार की भूमिका निभाई, जबकि संग्रहालय के तरुण शुक्ला ने सभी अतिथियों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह अहलूवालिया, सचिव, बुद्धा पी जी कॉलेज, डॉ. गौरव तिवारी, विभागाध्यक्ष, बुद्धा पी जी कॉलेज, डॉ. निगम मौर्य, विभागाध्यक्ष, बुद्धा पी जी कॉलेज और डॉ. नंदकिशोर सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संग्रहालय के धीरेंद्र मिश्रा, दिनेश दुबे, नसीरुद्दीन बेग और अन्य सदस्यों ने इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।**

## संक्षिप्त डायरी

### बाल सम्मान कोष योजना के पैंडिंग पडे. तीस मामलों में बीस हुये स्वीकृत, जबकि दस मामलों को किया गया खारिज



संवाददाता

**हमीरपुर। (सैय्यद जावेद अख्तर)** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में उ०प्र० रानी लक्ष्मी बाई महिला, बाल सम्मान कोष योजना के तहत पैंडिंग मामलों में डिस्पोजल के लिये योजनान्तर्गत गठित जिला संचालन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में सम्पन्न हुई। बैठक में 30 मामलों में विचार विमर्श कर किया गया। ये सारे मामले दहेज और पाक्सो एक्ट से जुड़े थे । इन 30 मामलों मे नियमानुसार पाए गए 20 मामलों को स्वीकृत करने के साथ ही 10 मामलों को रिजैक्ट किये जाने का फैसला लिया गया, जबकि स्वीकृत किये गये 20 मामलों में सभी लाभार्थियों को तीन-तीन लाख रुपये की,इसी तरह कुल 60 लाख रुपए की आर्थिक मदद महिला कल्याण विभाग की तरफ से निदेशालय लेबल से दिया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के तहत मामलों को पेंडिंग न रक्खा जाय, बल्कि उनका वख्त से डिस्पोजल तय किया जाये, ताकि पीड़ित ,पात्र व्यक्तियों को वख्त से इस योजना का फायदा दिया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चंद्र शेखर शुक्ला, सीएमओ डॉ गीतम सिंह , अपर पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ कोषाधिकारी श्रवण कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रतिनिधि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समर्थ फाउन्डेशन कुरारा एन०जी०ओ०, एलडीएम मौजूद रहे।

### बुद्धिस्ट नोबेलाइजेशन फाउंडेशन का कुशीनगर में खुला कार्यालय



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बुधवार को वार्ड नं. 20 निकट रामाभार स्तूप अनिरुद्धवा में बुद्धिस्ट नोबेलाइजेशन फाउंडेशन का मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान बौद्ध श्रद्धालुओ व भिक्षुओं को भोजन दान व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे सैकड़ों बौद्ध श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ कुमार सिंह (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट) ने संस्था के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था बौद्ध धर्म के उत्थान के लिए हर संभव मदद करेगी।कुशीनगर में बौद्धों धर्म के सिद्धांत व नियम आदि की शिक्षा दी जाएगी। इसके अलावा बौद्ध धर्म की मूल भाषा पाली का अध्ययन व भिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बौद्ध साधकों के लिए विपश्यना व रहने खाने की निः शुल्क व्यस्था की जाएगी। कार्यक्रम में आए बौद्ध श्रद्धालुओ व अतिथियों का स्वागत भंते रत्नाकर ने किया। इस दौरान भिक्खू बुद्ध प्रिय बोध गया, डॉ. एल पी जी त्रिरत्न बुद्ध बिहार बिल्लौर, भंते शीलबचन, भंते बीर भद्र गाजीपुर, पूर्व प्रधान रामबिलास यादव, विजय जुआठा, सोनू पासवान, सुनील कुमार सिंह, हृदयप्रकाश तूफानी आदि लोग मौजूद रहे।

### अबोहर में पारिवारिक विवाद के बाद पति लापता

**अबोहर।** पंजाब के फाजिल्का जिले के अबोहर में एक होटल कर्मचारी पारिवारिक विवाद के बाद से लापता है। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा होटल कर्मचारी की तलाश की जा रही है, फिलहाल कोई सुराग नहीं मिल पाया है। घरेलू मामले में पति-पत्नी में कहासुनी जानकारी के अनुसार ईदगाह बस्ती का मुकेश पुत्र पूर्ण राम 5 मार्च दोपहर से लापता है। मुकेश एक होटल में काम करता है और उसकी पत्नी एक ज्वैलरी शॉप में कार्यरत है। दोपहर में पति-पत्नी के बीच किसी घरेलू मामले को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद मुकेश अपनी बाइक लेकर घर से निकल गया।जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। अगली सुबह उसकी बाइक खुईखेड़ा नहर के किनारे खड़ी मिली। परिजन नहर में भी तलाश कर रहे हैं। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है, लेकिन अभी तक मुकेश का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### उप डाकघर में सिस्टम फेल कंप्यूटर खराब होने से दो दिन से लेनदेन ठप, पेंशनधारक परेशान

**औरैया।** के अछल्दा कस्बा स्थित सराय बाजार उप डाकघर में कंप्यूटर सिस्टम खराब हो गया है। सीपीयू में आई तकनीकी खराबी के कारण पिछले दो दिनों से सभी कार्य प्रभावित हैं। डाकघर में धन जमा करने और निकालने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को सुबह से ही लोग डाकघर में अपने काम के लिए आए। लेकिन सिस्टम खराब होने के कारण कई लोगों को बिना काम के ही वापस लौटना पड़ा। गांव चिंता नगला की रहने वाली लाली देवी ने बताया कि वह पिछले दो दिनों से लगातार डाकघर के चक्कर काट रही हैं। उन्हें अपनी पेंशन की स्थिति की जानकारी लेनी थी। लेकिन सिस्टम खराब होने के कारण कोई भी काम नहीं हो पा रहा है। बार-बार आने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। सिस्टम सही कराने की मांग स्थानीय लोगों ने डाक विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द कंप्यूटर सिस्टम को ठीक कराया जाए। ताकि डाकघर की सेवाएं सुचारू रूप से चल सकें और लोगों को परेशानी न हो।



